# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 18.06.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की

**(2).** आज दिनाँक 18.06.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया । पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी ।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 01 वांछित व 02 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

**(i).चौकी प्रभारी सीतापुर श्री गौरव तिवारी** एवं उनके हमराही आरक्षी अभिषेक प्रताप, आरक्षी नागेश, महिला आरक्षी पल्लवी द्वारा मु0अ0सं0 388/2024 धारा 304 भादवि0 की वांछित अभियुक्ता श्रीमती अंकिता साहू पत्नी धर्मपाल साहू निवासी रैन बसेरा के सामने सीतापुर थाना कोतवालली कर्वी को गिफ्तार किया गया।

**(ii).उ0नि0 श्री श्यामदेव सिंह थाना कोतवाली** द्वारा मु0नं0 3011/2016 धारा 504,506 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त विनीत पुत्र कामदनाथ निवासी स्टेशन रोड थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**(iii). उ0नि0 श्री बालकिशुन थाना भरतकूप** तथा उनके हमराही आरक्षी विजयबहादुर मु0नं0 164/2023 धारा 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम के वारण्टी अभियुक्त रमेश पुत्र पुन्नू निवासी ग्राम भरतकूप थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**(4).** आज दिनाँक 18.06.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा मुख्य आरक्षी पद से उपनिरीक्षक पद पर प्रोन्नति पाने वाले उ0नि0 श्री अरविन्द दुबे के कन्धों पर स्टार लगाकर अलंकृत किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रोन्नति पाने वाले उपनिरीक्षक का मुंह मीठा कराया गया तथा शुभकामनाऐं देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी।

इस दौरान प्रधान लिपिक श्री अनिल मोहन शुक्ला, प्रभारी डायल 112 श्री शिवमूरत यादव, पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह उपस्थित रहे।

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्री श्याम प्रताप पटेल तथा उनकी टीम द्वारा गैर इरादतन हत्या के 02 नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि दिनाँक 12.06.2024 को श्री बड़कू कोल पुत्र स्व0 निहोरे कोल निवासी हनुमानगंज लौरी थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट द्वारा थाना रैपुरा में सूचना दी थी कि उनके गांव के ही सुनील सिंह पुत्र हरिनारायण सिंह, वीरेन्द्र सिंह पुत्र श्यामलाल सिंह, शैलेन्द्र सिंह उर्फ शीलू अभिलाष द्वारा लाठी-डंडों से मारापीट तथा जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया गया है। इस सूचना पर थाना रैपुरा में मु0अ0सं0 95/2024 धारा 323,325,504 भादवि0 व 3(2)5ए एससी/एसटी एक्ट पंजीकृत किया गया था। मुकदमें की विवेचना क्षेत्राधिकारी राजापुर द्वारा की जा रही है तथा घटना के बाद से अभियुक्त फरार हो गये थे जिसकी गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे थे। दिनाँक 14.06.2024 को वादी/मजरुब श्री बड़कू कोल उपरोक्त की स्वरुपरानी अस्पताल प्रयागराज में इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। आज दिनाँक 18.06.2024 को प्रभारी निरीक्षक रैपुरा तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त सुनील सिंह पुत्र हरिनारायण सिंह, वीरेन्द्र सिंह पुत्र श्यामलाल सिंह निवासीगण हनुमानगंज लौरी थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से आलाकत्ल डंडा बरामद किया गया। उपरोक्त मुकदमें में धारा 304 भादवि0 की बढ़ोत्तरी की गयी। अभियुक्त शैलेन्द्र सिंह उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे हैं।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण:-**

1.सुनील सिंह पुत्र हरिनारायण सिंह निवासी हनुमानगंज लौरी थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट

2.वीरेन्द्र सिंह पुत्र श्यामलाल सिंह निवासी हनुमानगंज लौरी थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट

**बरामदगी:-**

आलाकत्ल डंडा

**<u>गिरफ्तारी करने वाली टीमः-</u>**

1.प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्री श्याम प्रताप पटेल

2.मुख्य आरक्षी राजकुमार

3.आरक्षी राममूरत मिश्रा

4.आरक्षी धर्मेन्द्र

**(6).** आज दिनाँक 18.06.2024 को दशवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 में आयोजित होने वाले सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों के क्रम में मनाये जा रहे योगाभ्यास सप्ताह के दौरान चित्रकूट पुलिस लाइन्स में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवनारायण की उपस्थिति में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले अधिकारी/कर्मचारीगण को मानसिक एवं शारीरिक रुप से मजबूत बनाने हेतु योग के विभिन्न आसन कराये गये तथा सभी को कहा गया कि 21 जून को आयोजित होने वाले सामूहिक योग कार्यक्रम में निर्धारित ड्रेस कोड में प्रतिभाग करेंगे।